**खबर संक्षेप**

## शीतला मंदिर में आज होगा जवारे विसर्जन



**मण्डला।** जेल परिसर स्थित मां शीतला मंदिर में आज पूजन, हवन कन्या पूजन और भण्डारा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद शाम को मंदिर में रखे गए जवारों को विसर्जन के लिए निकाला जाएगा। मां शीतला मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन लाल शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस बार भी चैत्र नवरात्र के अवसर पर मां शीतला मंदिर में जवारों के साथ, कलश एवं खप्पर स्थापित किए गए हैं। श्री शर्मा ने बताया कि मां शीतला मंदिर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है। यही कारण है कि भक्त अपनी मनोकामनाओं को लेकर यहां जवारे, कलश आदि रखवाते हैं आज नवरात्र की नवमी तिथि को मंदिर में सुबह पूजन, हवन, आरती के बाद कन्या भोजन और फिर भण्डारा होगा। वहीं शाम को बाजे-गाजे के साथ जवारे विसर्जन के लिए निकाले जाएंगे। मंदिर समिति की ओर से अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

**मतदान से संबंधित आपत्तिजनक खबरें फैलाने वालों पर होगी कार्यवाही**

# सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर

*** मण्डला पुलिस ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रुप से चुनाव हो सके। इसके लिए मंडला पुलिस व प्रशासन भी पूरी तरह से तैयार है। मंडला पुलिस सोशल मीडिया पर भी अपनी पैनी नजर बनाये हुए हैं, क्योकि आजकल सोशल मीडिया का जमाना है जो पलक झपकते ही आपकी कोई भी बात या वीडियो या किसी प्रकार का पोस्ट हर गांव कस्बे और कई राज्य के शहरों तक पहुंच जाता है। हर व्यक्ति के पास आज के जमाने में स्मार्टफोन है और इस स्मार्टफोन में सोशल मीडिया ने पूरी तरह से कब्जा कर रखा है।

ऐसे में आम लोगों के पास बिना तथ्य वाली व आपत्तिजनक खबर पहुंचती है, तो लोग पैनिक हो जाते हैं या उसे ही कुछ समय के लिए सच मानने लगते हैं और सच मानते हुए बस एक दूसरे को फॉरवर्ड कर देते हैं जब तक सच सामने आता है तब तक बिना तथ्य वाली खबर फेक न्यूज़ या आपत्तिजनक खबरें कई लोगों तक पहुंच जाती है जिसकी वजह से लोग कुछ समय के लिए भ्रमिक हो जाते हैं।

मंडला पुलिस व प्रशासन ऐसे ही फेक न्यूज़ व आपत्तिजनक खबरे चलाने वालों पर कार्यवाही की जावेगी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला पुलिस व प्रशासन के द्वारा लगातार आमजन से अपील की गई है कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सोशलमीडिया का दुरूपयोग न करें क्योंकि एक छोटी सी गलती भी आपको दिक्कत में डाल सकती हैं। भ्रामक खबरें, फेक न्यूज़ व आपत्तिजनक खबर फैलाने या पोस्ट करने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।







चुनाव के मद्देनजर आमजन से अपील है कि ऐसी फेक न्यूज़ आपत्तिजनक खबरे यदि आती है तो हेल्पलाइन नंबर 7049141561 पर आप जानकारी दे सकते हैं यह 24*7 आपकी सेवा में तत्पर रहेगी। साथ ही साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इस्तेमाल करने वाले सोशल मीडिया कर्मी भी फेक न्यूज़ या आपत्तिजनिक खबरों को पोस्ट करने से बचे और लोगों को भी बचाएं और किसी भी खबर की पुष्टि किए बिना उस खबर को प्रकाशित न करें। अक्सर देखा जाता हैं की सोशल मीडिया कई बार बिना सत्यापित वाली वीडियो या खबरें सिर्फ फॉरवर्ड होने लगती है जबकि इससे बचना हैं।

### चुनाव आयोग एवं गठित विशेष मिडिया मानिटरिंग टीम रख रही नजर

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार सहिंता प्रभावशील हैं एवं सोशलमीडिया जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम व वेबसाइट इत्यादि की निगरानी हेतु गठित विशेष टीम (मिडिया मानिटरिंग कमिटी) द्वारा सोशलमीडिया पर लगातार नजर हैं एवं मतदान से पहले और भी सक्रिय रूप से सभी सोशल मिडिया साईट पर पैनी नजर बनाये हुए हैं। उक्त टीम भ्रामक जानकारी या फेक न्यूज़ के विरूद्ध तत्काल एक्सन लेते हुए संबंधित के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

### अगर इस तरह की खबरें आती है तो लोगों को क्या करना चाहिए

यदि आपके पास भी चुनाव से संबंधित इस तरह कि खबरें आती है तो आप उसे फॉरवर्ड ना करें, बल्कि कोई भी जानकारी हो तो उसे हेल्पलाइन नंबर 7049141561 पर दे या नजदिकी पुलिस स्टेशन या संबंधित अधिकारी के संज्ञान में लाकर पुलिस एवं प्रशासन की मदद कर एक जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं।

### 1050243 पुरूष, 1051542 महिला तथा 26 अन्य मतदाता

मंडला संसदीय क्षेत्र में कुल 2101811 मतदाता हैं जिनमें 1050243 पुरूष, 1051542 महिला तथा 26 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। विधानसभा शहपुरा में कुल 271083 मतदाता हैं जिनमें 135237 पुरूष, 135844 महिला एवं 2 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। विधानसभा डिंडौरी में कुल 250201 मतदाता हैं जिनमें 124332 पुरूष, 125859 महिला एवं 10 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। विधानसभा बिछिया में कुल 263111 मतदाता हैं जिनमें 129546 पुरूष, 133564 महिला एवं 1 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। विधानसभा निवास में कुल 268661 मतदाता हैं जिनमें 132087 पुरूष, 136573 महिला एवं 1 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। विधानसभा मंडला में कुल 271526 मतदाता हैं जिनमें 134219 पुरूष, 137305 महिला एवं 2 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। विधानसभा केवलारी में कुल 262076 मतदाता हैं जिनमें 132173 पुरूष, 129900 महिला एवं 3 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। विधानसभा लखनादौन में कुल 297532 मतदाता हैं जिनमें 151088 पुरूष, 146441 महिला तथा 3 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। इसी प्रकार विधानसभा गोटेगांव में कुल 217621 मतदाता हैं जिनमें 111561 पुरूष, 106056 महिला तथा 4 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं।

## कांग्रेस की जिला पंचायत सदस्य भाजपा में शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

आज का दिन बिछिया विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कांग्रेस के लिए शह और मात का खेल बनकर रह गया। जिसमें दोनों पार्टी ने एक को खो कर दूसरे को हासिल किया। भाजपा ने घुघरी क्षैत्र की प्रभावशाली कांग्रेस की महिला नेत्री जिला पंचायत सदस्य कौशल्या मरावी को भाजपा में शामिल कर लिया। वहीं कांग्रेस ने मिले इस झटके के तुरंत बाद भाजपा के पूर्व जनपद अध्यक्ष रायसिंह कुरवेती को शामिल कर नहले पर दहला मारती नज़र आईं। बिछिया विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस नेत्री जिला पंचायत सदस्य श्रीमति कौशल्या मरावी ने भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय भोपाल में आज प्रदेश महामंत्री भगवान दास सबनानी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी डॉ. राघवेंद्र शर्मा के समक्ष विधिवत भारतीय जनता पार्टी के सदस्य ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात श्रीमती कौशल्या मरावी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का मतलब है देश का चहुंमुखी विकास। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आदिवासी वर्ग का न केवल सम्मान हुआ है बल्कि उनकी संस्कृति उनके धरोहर विरासत के साथ-साथ आदिवासी वर्ग को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने दिया है। कौशल्या मरावी ने कहा कि देश की आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने एक आदिवासी महिला को देश की महामहिम राष्ट्रपति बनाया है। इस अवसर पर अनुसूचित जाति प्रदेश कार्यालय मंत्री जगन्नाथ बैसवा एवं घुघरी क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अपर कलेक्टर ने किया चैकपोस्ट तथा मतदान केन्द्र का निरीक्षण

**मण्डला।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले की सभी सीमाओं में चैकपोस्ट के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह ने आज नैनपुर में बनाए गए चैकपोस्ट का निरीक्षण करते हुए की जा रही कार्यवाहियों के संबंध में जानकारी ली। दस्तावेजों का अवलोकन करते हुए उन्होंने अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। नैनपुर भ्रमण के दौरान अपर कलेक्टर ने ग्राम निवारी में बनाए गए मतदान केन्द्र का भी अवलोकन करते हुए मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम नैनपुर सोनल सिडाम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीवरेज के नाम पर हो रही सड़क की दुर्दशा

*** 06 इंच पाईप के लिये पूरी सड़क खोदना क्या उचित है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





सीवरेज निर्माण कार्य के चलते जहां शहर के अंदर की सभी सड़के क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं जिनमें वे बेसकीमती सड़कें भी शामिल हैं जो लगभग पिछले 40-50 वर्षो से अपने स्थायित्व को लेकर प्रसिद्ध रहीं हैं इतने वर्षो में इन सड़कों से एक गिट्टी भी नहीं निकली थी और अब विकास के नाम पर इन्हें मटियामेट कर दिया गया।

नगर की सड़कों के बाद अब डिण्डौरी मार्ग पर इस निर्माण कार्य की काली छाया पड़ रही है और वर्तमान में पुराने डिण्डौरी नाका से लाईन डालने का काम प्रारंभ है काम किस गति और किस पद्धति से हो रहा है इसकी जानकारी सिर्फ और सिर्फ निर्माणकर्ताओं को ही है न तो कोई नगर की एजेंसी इससे परिचित है और न ही कोई अधिकारी या जनप्रतिनिधि इसके बारे में जानकारी रखते हैं या जानना चाहते हों।

डिण्डौरी मार्ग की स्थिति यह है कि वर्तमान में वाटर वर्क्स से लेकर डिण्डौरी नाका तक विभिन्न तरह की बड़ी मशीनों के माध्यम से सड़क को खोदा जा रहा है यह सड़क का वह भाग है जो प्रारंभ में निर्माण किया गया था और काफी मजबूत था जबकि इसके बगल में जो निर्माण मॉडल सड़क के नाम पर किया गया था वह पहले से ही दुर्दशा का शिकार है। अब जो सड़क का हिस्सा बेहतर था उसे खोदकर बर्बाद किया जा रहा है। सीवरेज कार्य के बाद इस सड़क को क्या पूर्व की तरह बनाया जायेगा इसकी गुणवत्ता वैसी ही रखी जायेगी इसका जबाव कोई नहीं दे रहा।

जब मन आता है सड़क को बंद कर खुदाई कार्य प्रारंभ कर दिया जाता है सड़क पर जिस तरह बड़े-बड़े गड्ढे किये जा रहे हैं क्या इस निर्माण के लिये वे आवश्यक थे क्योंकि प्रथम दृष्टया यहां पर 06 इंच व्यास के पाईप ही डाले जा रहे हैं इसके लिये लगभग 25-30 वर्गफुट गड्ढा किया जा रहा है सड़क खोदी जा रही है यह क्यों? जनता का यही प्रश्न निर्माणकर्ताओं और मण्डला के जिम्मेदारों से है लेकिन जबाव कौन दे यह भी बड़ा प्रश्न है।

### पूर्व जनपद पंचायत बिछिया के अध्यक्ष, आदिवासी नेता, राय सिंग कुरवेती ने भाजपा से त्याग पत्र देकर,ली कांग्रेस की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष, भूतपूर्व खटिया ग्राम पंचायत के सरपंच एवं आदिवासी नेता आज भारतीय जनता पार्टी से त्याग पत्र देकर कांग्रेस पार्टी की रीति नीति से एवं सदा आदिवासियों के काम करने वाली कांग्रेस पार्टी से प्रभावित होकर आज कान्हा के शेर जो जनपद अध्यक्ष निर्वाचन के समय 100 जिप्सियों में सवार होकर जनपद अध्यक्ष का चुनाव जीता था। ऐसे शेर भाई राय सिंह कुरवेती बिछिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक तुलसीराम धूमकेती, वरिष्ठ कांग्रेसी जोश सिंह ठाकुर, पूर्व मंडी के अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी शिवानंद गोस्वामी, एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सावित्री धूमकेती, वरिष्ठ आदिवासी नेता सुनील उइके, अंजनिया ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, एवं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विनोद पटेल, जिला सचिव भाई नीरज यादव, आकाश पटेल अंजनिया की उपस्थिति में कांग्रेस परिवार में शामिल होकर भाई मंडला लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ओमकार सिंह मरकाम के हाथ मजबूत करने क्योंकि कांग्रेस प्रत्याशी ओमकार सिंह मरकाम 15 महीने के अपने आदिम जाति कल्याण मंत्री के कार्यकाल में आदिवासी समाज हितैषी कार्य करने से प्रभावित होकर आज वे कांग्रेस परिवार में शामिल हुए है। मंडला जिला कांग्रेस, बिछिया विधानसभा क्षेत्र के समस्त कांग्रेस के नेताओ ने उनका स्वागत किया।

**प्रवास** | **वियतनाम के अभ्यास मंडल का कान्हा टाइगर रिजर्व में प्रवास।**

# उत्कृष्ट संरक्षण एवं प्रबंधन की हुई सराहना





*** वन्यप्राणी प्रबंधन के महत्व पर चर्चा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 16 अप्रैल 2024 को वियतनाम के अभ्यास मंडल ने युएस ऐड प्रायोजित भारत प्रवास के दौरान कान्हा टाइगर रिजर्व का भ्रमण किया। वियतनाम सरकार की ओर से केंद्रीय मंत्री, अधिकारीगण, राष्ट्रीय उद्यानों के संचालक एवं विश्व प्रकृति निधि वियतनाम के कुल 42 प्रतिनिधि शामिल रहे।

कान्हा प्रवास का मुख्य उद्देश्य प्रबंधन की तकनीक और उत्कृष्ट संरक्षण नीतियों का अध्ययन करना और वन्य प्राणी स्थानांतरण एवं पुनर्स्थापना के संबंध में तकनीकी जानकारी प्राप्त करना रहा है ।इसअवसर पर खटिया स्थित इको प्रशिक्षण केंद्र में क्षेत्र संचालक एस के सिंह द्वारा कान्हा की संरक्षण नीतियां एवं प्रबंधन योजनाओं के संबंध में चर्चा कर हाल ही में हुए ऐतिहासिक गौर स्थानांतरण पर चित्रित फिल्म दिखायी गयी। इसके अतिरिक्त बारहसिंगा संरक्षण, पुनर्शापन और चीतल स्थानांतरण की तकनीकी की जानकारी दी गई। gramo के विस्थापन एवं कारीडोर के महत्व एवं वन्यप्राणी प्रबंधन में इनके महत्व पर चर्चा की गई।इस समय चर्चा में वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ संदीप अग्रवाल, फील्ड बायोलॉजिस्ट अजिंक्य देशमुख ने अभ्यास मंडल से अन्य पहलुओं पर चर्चा की।

एसके सिंह द्वारा टाइगर रिवाइल्डींग, तथा पर्यटन के विषय पर प्रकाश डाला गया। स्थानीय ग्रामीणों की आजीविका में पार्क की भागीदारी तथा रोजगार के माध्यम से वन्यप्राणी संरक्षण में सहयोग की व्याख्या की गई।

कार्यक्रम के अंत में वियतनाम सरकार और मध्यप्रदेश वन विभाग की तरफ से कान्हा टाइगर रिजर्व द्वारा भेंट वस्तुओं का आदान-प्रदान किया गया। प्रतिभागी अतिथियों द्वारा कान्हा की उत्कृष्ट संरक्षण एवं प्रबंधन नीतियों की सराहना की गई।

इस कार्यक्रम में सहायक संचालक बंजर विद्याभूषण सिंह, सहायक संचालक सिजोरा मितेंद्र चिचखेड़े एवं परीक्षेत्र अधिकारी कान्हा, खटिया उपस्थित रहे।

## पक्षियों को बचाने विद्यार्थियों का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




पक्षी बचाओ अभियान पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य उपेंद्र पांडे ने छात्रों को अवगत कराते हुए कहा कि इस धरती में मानव जीवन से पहले जीव जंतु का जन्म पहले हुआ पक्षीजीव जंतु भी अपनी भाषा में बात करते हैं जरूरत है केवल मानव को उनकी संवेदनाओं को समझना इसलिए हर मनुष्य का कर्तव्य है कि जल का अधिकार मानव के साथ-साथ पशु पक्षियों का भी है इसलिए पानी देने के लिए हर नागरिक को आगे आकर पानी देना चाहिए ताकि जीव जंतु का संरक्षण होगा तो पर्यावरण का भी संरक्षण होगा पक्षी बचाओ अभियान के तहत सभी विद्यार्थियों ने अपने घरों में छत में पानी के साधन रखने के लिए शपथ भी लिए इस अवसर पर आरके क्षत्री पर्यावरण सदस्य के द्वारा अवगत कराया की 5 वर्षो से लगातार पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के द्वारा यह अभियान का शुभारंभ किया जाता है जो आज तक लगातार हो रहा है उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्रों से तथा विद्यालय के प्राचार्य महोदय से अनुरोध किया है की विद्यालय इको क्लब के द्वारा इस अभियान की शुरुआत करें ताकि बच्चों के मन में जीव सेवा के लिए एक सबक मिल सके और वह देश का एक अच्छा नागरिक बन सके इस अवसर पर भी श्री गजेंद्र सोनी शिक्षक ने अपने उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनायें।



## कहीं बिजली के अभाव में तो कही इल्ली के प्रकोप से

# बर्बाद हो रही किसानों की मूंग फसल







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

रात दिन एक करते हुये खेतों में अन्न पैदा करते हुये देशवासियों का पेट भरने वाला किसान ही देश का आधार स्तंभ माना जाता है। मगर इन किसानों के साथ जिस तरह प्रकृति से लेकर सरकारों द्वारा खेल खेला जाता है उसके चलते अन्न दाता की स्थिति लगातार बदहाल होती चली जा रही है। यह बात अलग है कि सरकार द्वारा आये दिन किसानों को इस बात का भरोसा दिलाने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है कि खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिये प्रयास किये जा रहे है और इसी भरोसे के आधार पर अन्नदाता किसान को न तो सूरज की तेज तपन देखता है और रात की नींद को नजर अंदाज करते हुये अपने खेतों में जुटा रहता है। मगर जब किसानों को खेती के लिये जब जरूरी सामग्री की जरूरत पड़ती है तो वह उपलब्ध नही होने से किसान लगातार टूटते चला जा रहा है। अक्सर देखा जाता है कि जब खेतों में बोनी करने का समय आता है तो एक एक बोरी खाद के लिये किसानों को दिन दिन भर लम्बी लाईनों भूखे प्यासे लगा हुआ देखा जाता और उन्हें खाद नही मिल पाती है तो खाली हाथ जाने के बाद चुपचाप तरीके से फिर दूसरे दिन खाद दुकानों व वितरण केन्द्रो के सामने लग जाता है। वही दूसरी ओर जिस तरह डीजल सहित अन्य खेती संबंधी सामग्री के दामों में बढ़ोत्तरी का सिलसिला चल रहा है उसके कारण महंगाई के बीच किसान अपने खेतों में लगाने वाली लागत को खड़ा कर पाना भी मुश्किल हो जाता है। कहने के लिये सरकार द्वारा किसानों को सिंचाई हेतु 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराये जाने की बात कही जा रही है। मगर सच्चाई का पता तो किसानों के खेतों पर पहुंचने के बाद ही देखने मिलता है जहां पर बड़ी मुश्किलों के बीच मात्र चंद घंटे ही बिजली मिलने के कारण किसान अपने खेतों में बोई गई फसल की सिंचाई तक नही कर पा रहे है। मगर इसके बाद भी जब किसी भी प्रकार से देशवासियों का पेट करने वाला किसान अपने खेत में फसल को तैयार कर लेता है तो दूसरी ओर प्रकृति की मार इस तरह से पड़ती है कि खेतों में खड़ी हुई फसले बर्बाद होने से नही बच पाती है। इस स्थिति में अन्नदाता के हाथ लगाई गई लागत आने की जगह वह कर्जदार बनने से नही चूक पाता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने मिल रही है। जहां पर सैकड़ो किसानों द्वारा अपनी हालत में सुधार लाने की सोच रखते हुये खेतों में काफी लागत लगाते हुये गर्मी की मूंग की बुआई तो कर डाली है। मगर उन्हें जरूरत के हिसाब से बिजली नही मिल पाने के कारण जहां खेतों में मूंग सूखते हुये नजर आ रही है । वही जिन किसानों द्वारा किसी भी प्रकार से अपने खेतों की सिंचाई करते हुये मूंग फसल को तैयार किया गया है तो उसमें अनेक प्रकार के रोग सहित इल्ली का प्रकोप होने के कारण उसे बर्बाद होने से बचाने के लिये अनेक प्रकार के कीट नाशक दबाईयों का छिड़काव करते हुये देखा जा रहा है। इस तरह लगातार प्रकृति की मार झेलने वाले क्षेत्र के किसानों को सरकार की ओर से कोई मदद मिलते हुये दिखाई नही पड़ रही है। कहने के लिये तो प्रदेश में किसानों की मदद से लेकर फसलों के संबंध में जरूरी जानकारियाँ उपलब्ध कराने के लिये कृषि विभाग बनाया गया है। मगर इस विभाग में बैठे हुये अधिकारी गांवों में जानकारी देने के लिये पहुंचने की बात दूर अपने कार्यालयों में दर्शन भी दुर्लभ होते हुये जान पड़ते है? जबकि नियम के अनुसार हर ब्लाक स्तर से लेकर सेक्टर स्तर पर कृषि अधिकारी नियुक्त रहते है जो समय समय पर किसानों के बीच पहुंचकर उन्हें फसलों में लगने वाली बीमारियों के बचाव को लेकर किसानों को अवगत कराने की जिम्मेदारी रहती है। मगर इन अधिकारियों का हाल इस तरह का रहता है कि आज तक उनके सेक्टर में शामिल गांवों के दर्शन नही किये गये होगे और अपने दायित्वों का निर्वाहन मात्र कागजों पर करते हुये पूरा करने से नही चूकते है? वही दूसरी ओर किसानों की मदद के लिये सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के माध्यम से हर साल किसानों के खेतों में 10 हजार रूपया प्रदान करने की बात कही जा रही है। मगर इस योजना का लाभ लेने के लिये क्षेत्र के किसान लगातार भटकते हुये देखे जा रहे है और यह योजना कागजों पर ही संचालित होते हुये देखी जा रही है। इस तरह लगातार बदहाली का शिकार हो रहे किसानों से जब चर्चा की गई तो क्षेत्र के किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा किसानों को जिस तरह मदद देने का भरोसा तो दिलाया जाता है। मगर वह भरोसा मात्र मंचों से लेकर कागजो तक सीमित रहने के कारण अन्नदाता किसान परेशान होते हुये देखा जा रहा है। इस समय क्षेत्र के किसानों ने गर्मी मौसम की मूंग फसल अपने खेतों में बोई गई है। मगर उन्हें पर्याप्त मात्रा में बिजली नही मिलने कारण वह सूखते चली जा रही है। क्योंकि वर्तमान समय में क्षेत्र के किसानों को सबसे अधिक अपनी मूंग फसल की सिंचाई करने के लिये बिजली की जरूरत है। सरकार के रिकार्ड में किसानों को 10 घंटे बिजली प्रदान की जा रही है। मगर मुश्किल से चार से पांच घंटे ही बिजली मिलने के कारण हालत यह बनी हुई है कि किसानों की मूंग फसल सूखने की कगार पर पहुंचते हुये देखी जा रही है। क्योंकि किसानों की खोज खबर लेने वाला कोई नही है और किसानों की हाल इस तरह बन चुकी है कि वह अपने खेतों में फसल को तैयार करने के लिये लगाई जाने वाली लागत भी पूरी नही कर पा रहा है। और क्षेत्र के किसानों ने बड़ी उम्मीदों से अपने खेतों में गर्मी मौसम की मूंग फसल बोई गई थी। मगर जरूरत के हिसाब से बिजली नही मिलने के कारण खेतों में सूखते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर तैयार होते हुये मूंग फसल में जिस तरह इल्ली सहित अन्य प्रकार के रोग लग रहे है उससे किसानों को अपनी फसल को बचाना मुश्किल हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### रामनवमीं पर आज निकलेगी भगवान श्री राम की रथ यात्रा

**गाडरवारा।** नगर में शिव सत्ता मंडल द्वारा राम नवमी के अवसर पर बीते हुये 16 वर्षो से आयोजित होने वाली भगवान श्री राम जी की रथयात्रा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी आज राम नवमी के अवसर पर आयोजित की जा रही है। इसी प्रकार से नगर के आलवा अन्य जगहों पर भी आज राम नवमी के मौके पर अनेक प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाने की तैयारियाँ बडे जोरो पर चल रही है। बताया जाता है कि नगर में निकली वाली यह रथयात्रा शाम 4 बजे छिड़ाव घाट से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्ग चौकी चावड़ी रोड से निकलते हुये महावीर भवन से शक्ती चौक होते हुये श्याम टाकीज, शिवालय चौंक से पुराना बस स्टैंड के पास से गुजरते हुये पुरानी गल्ला मंडी से निकलकर बडा सराफ बाजार होकर झंडा चौंक से होते हुए वापस चौंकी होते हुये छिड़ाव घाट पर पहुंचकर सम्पन्न होगी। इस यात्रा में रथ पर श्री राम दरबार सहित श्री हरि नरसिंह भगवान की प्रतिमाओ को रथ पर विराजमान कर झांकियों के साथ नगर विहार कराया जाएगा। वही इस रथ यात्रा में मुख्यता अनेक प्रकार के कला का प्रदर्शन किया जायेगा, जिसको लेकर नगर के शिव सत्ता मंडल ने धर्म प्रेमी जनता से रथयात्रा मे उपस्तिथि की अपेक्षा जताई गई है।

### क्षेत्र की पंचायतों में हुये निर्माण कार्यो की जांच से उजागर हो सकती है गुणवत्ता की सच्चाई?

**सालीचौका।** जिस प्रकार से लोग अपनी ग्राम पंचातयों में किसी जनप्रतिनिधि का चुनाव करती है तो उसे उससे काफी उम्मीदे रहते हुए ग्राम के विकास की बाट जोही जाती है। मगर अक्सर देखा जाता है कि कुर्सी मिलने के बाद वह ग्राम विकास को भूलकर सिर्फ अपनी विकास की ओर ध्यान देने से नही चूकता है? इस बात की सच्चाई ग्राम पंचायतों के पूर्व सरपंचों के कार्यकाल खत्म होने के बाद जब नई पंचातयों का गठन हुआ तो ऐसा जान पड़ा की शायद अब ग्रामों की तस्वीर बदल जावेगी? मगर ऐसा कुछ हुआ जान नही पड़ रहा है और यदि बीते हुये पंचायती राज में सरपंचो के कार्यकाल पर गौर किया जावे तो उनके द्वारा किये गये भ्रष्टाचार को लेकर अनेक ग्राम पंचायतों की कार्य प्रणाली के खिलाफ आज भी अंगुली उठ रही रही हैं?

### कबाड़ में गुम हुआ बचपन

**सांईखेड़ा।** शहर सहित आसपास के क्षेत्र मे शिक्षा स्तर सुधारने के लिए प्रशासन द्वारा काफी प्रयास किए जा रहे है, इन प्रयासों के चलते सर्वशिक्षा अभियान, स्कूल चले हम, राजीव गांधी साक्षरता मिशन के अलावा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे आंगनबाड़ी भी चलाई जा रही है, लेकिन इन सब योजनाओं के संचालित होने के बाद भी क्षेत्र में निचले तबके के लोगों तक इन सब योजनाओं का लाभ शायद पहुंच ही नही पा रहा है? फिर सारे प्रयास औपचारिकता के लिए हो रहे है? ऐसा कहा जाए तो शायद गलत नही होगा, क्योंकि नगर में ही इस प्रकार के दृश्य अक्सर देखने मे आते है कि गली मोहल्लों मे छोटे छोटे नाबांलिग बच्चे कचरे के ढेरों मे अपना भविष्य ढूंढते रहते है। गली गली घूमने वाले ये बच्चे कबाड़ बीनकर कमाए पैसों को भी बुरी आदतों मे लगा देते है। यही इनका आज और शायद कल भी हो सकता है, क्योकि इनके जिम्मेदार मां बाप ही ऐसा करा रहे है, ऐसा ही कुछ शहर के अनेक स्थानों पर देखने मिलता है, जहां 4 छोटे छोटे बच्चे हाथ मे बोरी लिए कबाड़ बीनते बीनते थककर कही भी बैठ जाते है। जिन्हे देखकर लोग यह कहने से नही चूकते है कि सरकार द्वारा जिस प्रकार से 1 से लेकर 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं से प्रदेश का धन तो खर्च हो रहा है, मगर उसका लाभ इन मासूम बच्चों की जगह अधिकारियों को जरूर मिल रहा है? बच्चे कर रहे है नशा-एक पाऊच खा लिया, यहां यह भी गौरतलब है कि प्रशासन ने बच्चों को गुटका विक्रय पर पावंदी लगा रखी है, उसके बाद भी इनके हाथो मे आसानी से गुटका पाऊच पहुंच रहे है।

## सड़क दुर्घटनाओं को बढ़ा रहे ट्रैक्टर, कृषि कार्य की जगह अन्य कार्यों में नियम विरूद्व हो रहा उपयोग

**हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।** शहर में वाहनों की अंधा धुंध रफ्तार और इनकी बढ़ती हुई संख्या से आए दिन सड़क दुर्घटनाएँ हो रही हैं। अक्सर देखा जाता है कि सड़क पर जिन वाहनों की संख्या ज्यादा होती है, उनमें से मुख्य हैं कृषि कार्यों में प्रयुक्त होने वाले ट्रैक्टर जिनका सही मायने में देखा जावे तो रजि. सिर्फ कृषि कार्य के रूप में होता है। मगर लोगों द्वारा कृषि कार्य के नाम पर पंजीयन कराते हुये उनका उपयोग पूर्ण रूप से व्यवसाय में किया जाता है। जिसमें खुलेआम नियमों को नजर अंदाज करते हुये रेत का परिवहन करने के अन्य प्रकार का माल के साथ सवारियां ढ़ोने से इन ट्रैक्टर चालकों की वजह से ज्यादातर दुर्घटनाएँ होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। क्योंकि इनमें लगी ट्राली ट्रैक्टर मालिकों की अतिरिक्त आय का जरिया बन चुकी है? बिना टैक्स अदा करे निर्विघ्न रूप से क्षेत्र की सड़को पर तेज गति से दौड़ते यह ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर हादसों का प्रमुख करण बनने से नही चुके रहे है। मगर इसके बावजूद प्रशासन, परिवहन विभाग एवं पुलिस दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते हुए दौड़ने वाले इन वाहनों पर कार्यवाही करने में अक्षम सिद्ध हो रहे हैं? प्रशासन की इस लापरवाही का खामियाजा उन निरीह और बेबर नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। यह जानकर हैरत होगी कि हाईवे पर घटित अधिकांश दुर्घटनाओं के कारण ये ट्रैक्टर ट्राली ही माने जाते है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में धडल्ले से सड़को पर रेत लेकर दौड़ने वाले इन ट्रेक्टर ट्रालियों को पुलिस प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी मात्र उनकी रेत रायल्टी देखते हुये छोड़ देते है जबकि रेत या फिर मिट्टी परिवहन करने वाले वाहनों का खजिन विभाग में पंजीयन होना अति आवश्यक होता है तभी वह रेत या फिर अन्य प्रकार के खनिज का परिवहन कर सकते है, मगर इसके बाद भी न तो आरटीआई विभाग द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान दिया जा रहा है और न ही पुलिस के अधिकारियों द्वारा जिसके चलते कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत इन ट्रेक्टर ट्रालियों को दो ताराधारी जिम्मेदार अधिकारी लक्ष्मी नारायण का पूजन करते हुये अभयदान प्रदान करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? इस तरह ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्र में आने वाले ट्रैक्टरों के पीछे लगी ट्राली में माल को लादने के बाद उसके ऊपर इतनी सवारियां बैठा लेते हैं कि उसे देखकर लोगों को अचंभित होना पड़ता है कि आखिर ये सवारियां बिना सहारे के कैंसे बैठती हैं? क्योंकि ट्राली में पकड़ कर बैठने का कोई साधन नहीं होता जो यात्रियों को हिलने डुलने या गिरने से बचा सके तथा कम किराये एवं घर से गंतव्य तक पहुँचने के कारण इन यात्रियों को मौत का भय भी नहीं लगता है, वही देखा जाता है कि ऊबड़ खाबड़ रास्ते एवं हिचकोले खाता हुआ ट्रैक्टर और उस पर सवार ग्रामीणों को ईश्वर का ही सहारा होता है अन्यथा ट्रैक्टर चालक को तो यह पता भी नहीं होता कि बैठे लोग किस मुसीबत को सहन कर रहे हैं, जिसमें अब ऐंसे ग्रामों की संख्या दो अंकों में ही होगी जहाँ आधुनिकता की निशानी यह कृषि यंत्र न होकर अब यह रेत, गिट्टी, मिट्टी, ए्ंट, लोहा, विल्डिंग मटेरियल एवं अन्य सामग्रियों को ढोने वाले वाहन बन चुके हैं।

## संत रामपाल पंडा द्वारा अपने शरीर पर बोये गये जवारे बने आस्था के केन्द्र, दर्शनों के लिये उमड़ रही भक्तों की भीड़





**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेडा।**


इन दिनों चल रहे चैत्र नवरात्र पर्व के चलते शहर व क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह से धर्ममय बना हुआ है। जिसके चलते नगर के सनातन हिन्दू धर्म में आस्था रखने वाली माताएं, बहिनों व पुरूष और युवा सुबह से रात तक शक्ति की अधिष्ठात्री देवी माँ दुर्गा की भक्ति में लीन रहकर मातारानी का भरपूर आशीष प्राप्त कर निहाल हो रहे है। वही लोग घरों में जहां माँ भवानी की भक्ति, पूजा, आराधना कर माँ जगदम्बा से मनोकामनाओं की पूर्ति का बरदान माँग रहे है। वही नगर के देवी मंदिरों में सुबह मातारानी को जल ढारने वाले श्रद्वालुओं की कतारे लगी दिखाई पड़ रही थी उस पर आज नवमी से ि वराम लग जावेगा। क्योंकि बीते हुये 9 ि दनों तक दादाधूनी वालों की नगरी सांईखेडा सहित आसपास के गांवों में लोग मातारानी की भक्ति में पूर्णरूप से लीन नजर आने से नही चूक रहें थे। वही दूसरी ओर मातारानी की चूनरी चढ़ाने व 56 व्यंजनों का भोग लगाने तथा देवी दरबारों में जस गायन, भंजन सहित अन्य धार्मिक आयोजनों का सिलसिला लगातार चलते हुये देखा गया। गौरतलब है कि शहर की रक्षक माँ खेरापति मंदिर में विराजी माँ खेरापति की प्रतिमा का तेज निखरता चला जा रहा है, जिसके चलते प्रतिदिन सैकड़ो की तादाद में माँ खेरापति के मंदिर में पहुंच रहे है तथा विधि विधान के साथ मातारानी का पूजन करते हुए देखा जा रहा था। वही दूसरी ओर नगर परिषद साई खेड़ा के वार्ड क्रमांक 12 में संत रामपाल महाराज द्वारा जिस तरह अपने शरीर पर जवारे रखकर एक अनोखी मिशाल पेश की गई है। वही संपूर्ण क्षेत्र में आकर्षण का केन्द्र बनने के चलते यहां पर प्रतिदिन भक्तों का हुजूम लगते हुये देखा जा रहा है। दूर दूर से लोग दर्शन के लिए आ रहे है। बताया जाता है कि इस प्रकार शरीर पर जवारे पिछले वर्षो मे भी रखे थे लोग यह द्रष्य देख कर अचंभित हो रहे है। बताया जाता हे कि इस तरह अपने शरीर के ऊपर जवारों की स्थापना रामपाल पंडा द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 12 यानि की नगरपरिषद उपाध्यक्ष के घर पर स्थापित किये गये जवारों में देखने मिल रही है जहां पर प्रतिदिन लोगों की भीड़ लगते हुये देखी जा रही है तो अनेक प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे है।

## दुर्गा अष्टमी के मौके पर महिलाओं ने मंदिर में पहुंचकर किया पूजन, आज व्रत तोड़कर करेगी माता रानी की आराधना





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** माता रानी की आराधना का पर्व जहां समाप्ती की ओर पहुंच चुका है उसी के चलते कल मंगलवार को दुर्गा अष्टमी के मौके पर जहां महिलाओं ने नगर के देवी मंदिरों में पहुंचकर मातारानी की श्रद्वा के साथ पूजन अर्चन करते हुये उन्हें अनेक प्रकार के भोग लगाते हुये पूजन किया गया। वही दूसरी ओर शहर से लेकर गांव गांव कन्या भोज के कार्यक्रमों की धूम बची हुई देखी गई। वही दूसरी ओर नगर में कुछ जगहों पर देवी प्रतिमाओं की स्थापना भी की गई जहां पर अनोखी छटा देखने मिल रही है। इस तरह चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर लगातार नो दिनों



तक ब्रत धारण करने वाले भक्तों द्वारा आज दुर्गा नवमी के मौके पर जहां विशेष पूजन करते हुये अपने ब्रत तोड़ेगे। वही दूसरी ओर अनेक घरों में मातारानी का पूजन करने के साथ अपने कुल देवी देवताओं का पूजन भी किया जावेगा। वही नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किये गये जवारों के विसर्जन का सिल सिला आज से शुरू हो जावेगा। इस तरह माता रानी की विदाई नजदीक आने के कारण भक्तों के चेहरों पर जहां उदासी नजर आने लगी है। क्योंकि एक वर्ष के उपरांत फिर माता रानी से मुलाकात होने की आशा के साथ आज जवारों को विदाई देना शुरू हो जावेगा।

## झिकोली पुल के बीच में खड़े होने वाली वाहनों की सच्चाई को लेकर, लगता है कि शायद प्रशासन ही कर रहा है किसी बड़ी घटना का इंतजार

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जिस प्रकार से शासन द्वारा गाडरवारा क्षेत्र के लोगों को प्रदेश की राजधानी से सीधे जोड़ने के लिए झिकोली नर्मदा घाट पर पुल का निर्माण कराया गया है उसके चलते इस मार्ग पर लगातार वाहनों की संख्या में जहां इजाफा होते हुए देखा जा रहा है, वही इस नर्मदा पुल के निर्माण होने के कारण लोगों को भोपाल पहुंचने में काफी सुविधाजनक मार्ग साबित होते हुए देखा जा रहा है? इस समय इस पुल के ऊपर वाहन चालकों की हो रही मनमानी के चलते इस मार्ग से निकलने वाले लोगों की जिन्दगी के लिए खतरे की घंटी बजते हुए देखी जा रही है? बताया जाता है कि आये दिन देखा जाता है कि अनेक बड़े वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों को पुल के ऊपर ही खड़ा करते हुए जहां मटर गस्ती करते हुए देखा जाता है तो वही दूसरी ओर अनेक वाहन चालक तो इस समय चल कोरोना कर्फ्यू के दौरान चोरी छिपे चल रही नास्ता की दुकानों के कारण पुल के ऊपर ही वाहन खड़ा करते हुए चाय नास्ता करने में मग्न हो जाते है? इस स्थिति के चलते जब कोई दूसरा वाहन इस मार्ग से निकलता है तो उसे पुल पार करने में काफी परेशानी का सामना तो करना ही पड़ता है। इस प्रकार से भारी भरकम ट्रकों सहित बसों व अन्य चार पाहिया वाहनों के चलाको द्वारा घंटो तक अपने वाहन खड़े किये जाने की सच्चाई को लेकर हरिभूमि द्वारा पूर्व में भी प्रशासन को अनेको वार इस सच्चाई से अवगत कराया जा चुका है। मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने से अब यह जान पड़ने लगा है कि शायद प्रशासन ही कर रहा है कि बड़ी घटना का इंतजार? जबकि गौर किया जावे तो बीते हुये वर्ष इसी प्रकार से जब दो मासूम इस पुल के ऊपर से पैदल गुजर रहे थें, उसी दौरान एक वाहन के अचानक आ जाने के बाद उसकी आवाज से घबराकर दो मासूम बच्चियाँ पुल के नीचे यानि की नर्मदा नदी में गिर जाने से उनकी मौत हो चुकी है इसके आलवा पुल के ऊपर वाहनों के खड़े रहने की स्थिति में अन्य घटनाएं भी घटित हो चुकी है। मगर इसके बाद भी प्रशासन इस सच्चाई को जिस प्रकार से नजर अंदाज कर रहा है उसके चलते किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? वही बताया जाता है कि ग्राम झिकोली सांईखेड़ा पुलिस थाने की



सीमा में आता है, मगर पुल पर प्रवेश करते ही सांईखेड़ा थाने की सीमा समाप्त होने के कारण जहां सांईखेड़ा पुलिस इन मनचले वाहन चालकों पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने में असमर्थ जान पड़ रही है? वही दूसरी ओर यह संपूर्ण पुल समीपस्थ उदयपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता हुआ बताया जा रहा है? जिसके चलते सही मायने में देखा जावे तो पुल के ऊपर खड़े होने वाली वाहनों को लेकर उदयपुरा पुलिस की उदासीनता किसी दिन कोई बड़ी घटना का कारण साबित हो सकती है? क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब पुल के ऊपर वाहन खड़े होते है तो उन्हे अपने वाहन निकालने में काफी परेशान होने के साथ साथ पुल के नीचे गिरने का भय तो बना ही रहता है, जिसके चलते पुल के ऊपर खड़े वाहनों को निकलने का इंतजार करते हुए अपना मूल्यवान काफी समय बर्बाद करना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### आज शाम से थम जायेगा चुनावी शोरगुल

**अनूपपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट निर्देश जारी कर कहा है कि मतदान समाप्ति के निर्धारित समय से 48 घण्टे पूर्व कोई भी प्रत्याशी निर्वाचन के सम्बन्ध में कोई भी सार्वजनिक सभा या जुलूस नहीं करेगा और न ही उसमें सम्मिलत होगा तथा न ही उसे संबोधित करेगा। कोई भी प्रत्याशी प्रचार समाप्ति के बाद किसी भी ऐसे सार्वजनिक आयोजन, धार्मिक आयोजन, शादी-विवाह समारोह में सम्मिलित होकर चुनाव प्रचार संबंधी किसी भी प्रकार की कोई अपील भी नहीं करेगा। टी.वी., चलचित्र, रेडियो, एफ.एम. चैनल, मोबाइल पर वीडियो संदेश, वॉइस संदेश और ऐसे किसी भी साधन से चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद प्रचार संबंधी कोई अपील नहीं करेगा। कोई भी प्रत्याशी संगीत समारोह, नाट्य अभिनय और मनोरंजन के किसी भी ऐसे साधन का प्रयोग नहीं करेगा, जिससे चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित किया जा सके। किसी भी प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन की व्यवस्था भी नहीं करेगा। उक्त बातों का उल्लंघन होने पर दो वर्ष का कारावास या जुमार्ना या फिर दोनों प्रकार के दण्ड का प्रावधान है।

### निर्वाचन के दृष्टिगत धारा 144 लागू

**अनूपपुर।** लोकसभा निर्वाचन हेतु 19 अप्रैल को मतदान होगा। इस हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आशीष वशिष्ठ ने मतदान के पूर्व किसी भी अनैतिक, अवैधानिक, संदिग्ध, अनुचित गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाकर लोक परिशांति बनाए रखने एवं मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया को निर्विघ्न एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से दंड प्रक्रिया संहिता 1993 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनूपपुर जिले की राजस्व सीमा के भीतर 17 अप्रैल 2024 की शाम 6 बजे से 19 अप्रैल की शाम 6 बजे तक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने कहा है कि इस अवधि के दौरान राजनीतिक सभा, बैठक, रैली, जुलूस आदि का आयोजन उठना निषिद्ध रहेगा। सार्वजनिक स्थानों पर एक साथ पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का जवाब अथवा समूह बनाकर चलना प्रतिबंधित रहेगा, किंतु अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले घर-घर जनसंपर्क कार्यक्रम इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। उन्होंने कहा है कि ऐसे व्यक्ति जो निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं है, उक्त अवधि प्रारंभ होते ही निर्वाचन क्षेत्र छोड़ देंगे।

### संलग्नीकरण से मुक्त करने के बावजूद प्रभार नही छोड़ रहा पटवारी

**अनूपपुर।** 13 अप्रैल को उपजिला निर्वाचन अधिकारी अनूपपुर द्वारा आदेश क्रमांक 913 के तहत हल्का नंबर 19 दुलहरा के पटवारी अरविंद पाठक का संलग्नीकरण समाप्त करते हुये मूल पदस्थापना कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी के मुक्त किये जाने के बावजूद भी अरविंद पाठक दुलहरा हल्का छोड़ने को तैयार नही है। जबकि इनकी कारगुजारियों से दुलहरा वासी परेशान हैं इसी कारण पाठक की शिकायत उपजिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष की गई थी।

### बिना रॉयल्टी बिक रही रेत, जिम्मेदारों ने मूंदी आंखें

**अनूपपुर।** जिले की रेत खदान बंद होने के बाद भी रेत का परिवहन व विक्रय लगातार जारी है। रोजाना भारी संख्या में रेत से भरी ट्रालियां जिला मुख्यालय सहित तहसील मुख्यालय कोतमा, बिजुरी में विक्रय के लिए आती है। रेत से भरी इन ट्राली वालो के पास ना तो रायल्टी होती है और ना ही किसी तरह की प्रशासनिक अनुमति। बावजूद भी अवैध रेत का काला कारोबार खुले आम किया जा रहा है। अवैध रुप से लाई जा रही रेत का धड़ल्ले से कारोबार होने से प्रशासनिक अधिकारियो की भूमिका पर भी सवालिया निशान लग रहे है कही ना कही प्रशासनिक अधिकारियो की मूक सहमति की बात सामने आ रही है। रेत का अवैध परिवहन अनूपपुर जिला के विभिन्न अंचलों में लगातार जारी है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही नहीं करते हैं। जिले में बड़े पैमाने पर रेत का अवैध रुप से परिवहन किया जा रहा है ।

## जिले में शराब दुकानों का करोड़ों में ठेका: शराब के दाम भी बढ़े, ओवर रेट पर होगी कार्रवाई

# जिले भर का ठेका 29 करोड़ 21 लाख में रोहित जायसवाल को मिला




**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** डिंडौरी जिले में वर्ष 2023 - 24 में शराब का ठेका अनिल जयसवाल को दिया गया था, ठेका 27 करोड़ के आस पास था,मार्च एकाउंट क्लोज कर दिया गया है। अब वर्ष 2024 - 25 में शराब का ठेका जबलपुर निवासी रोहित जयसवाल को दिया गया है। आबकारी अधिकारी मंशाराम उईके ने बताया कि 29 करोड़ 21 लाख रू में जिले भर का ठेका रोहित जयसवाल को दिया गया है। इनके द्वारा जिले भर में तीन समूह के माध्यम से संचालित दुकानों से देशीध्विदेशी मदिरा की बिक्री कराया जायेगा। वहीं शराब की मूल्यों पर भी बढ़ोत्तरी हुई है। आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने पत्र जारी कर निर्धारित मूल्य से अधिक रेट में शराब बेचने पर ठेकेदार के विरूध्द कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये है।

### -नया रेट लिस्ट चिपकाया जायेगा

आबकारी अधिकारी मंशाराम उईके ने बताया कि वर्ष 2024 - 25 के लिये देशीध विदेशी मदिरा की कीमतों में वृध्दि हुई है। उन्होंने बताया कि नया रेट लिस्ट जल्द ही देशीध्विदेशी मदिरा की दुकानों में चिपका दिया जायेगा,जिससे ग्राहकों को किसी प्रकार की परेशानी नही होगी।

-पिछले वर्ष की शराब की बिक्री नये रेट में होगी सहायक आयुक्त ने पत्र जारी कर बताया कि देशीध्विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों में माह मार्च उपरांत अवशेष रहे देशीध्विदेशी मदिरा के वर्ष 2024-25 में विक्रय किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 के देशी विदेशी मदिरा वर्ष 2024-25 के लिए अनुमोदित न्यूनतम फुटकर विक्रय मूल्य एमएसपी एवं अधिकतम फुटकर विक्रय मूल्य एमआरपी मुद्रित नहीं है।

### -निर्धारित रेट में बेचने के निर्देश

वर्ष 2024-25 की अवधि में विक्रय किये जा रहे मदिरा पर भले ही वर्ष 2023-24 हेतु अनुमोदित एम.एस.पी. तथा एम.आर.पी. अंकित है। उक्त मदिरा को वर्ष 2024-25 के लिए अनुमोदित न्यूनतम फुटकर विक्रय मूल्य एमएसपी से अधिकतम फुटकर विक्रय मूल्य एमआरपी तक की दर पर ही विक्रय करने के निर्देश है।

### -शिकायत मिलने के बाद आबकारी आयुक्त ने लिया एक्शन

आबकारी आयुक्त को अधिक रेट में शराब विक्रय की शिकायत मिली थी,उसके बाद आबकारी आयुक्त ने यह कार्रवाई की है। आबकारी आयुक्त को शिकायत मिली थी कि अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा गत वर्ष की दरों से 15 प्रतिशत अधिक अथवा वर्तमान वर्ष हेतु निर्धारित अधिकतम फुटकर विक्रय मूल्य एमआरपी से अधिक दर पर मदिरा का विक्रय किया जा रहा है।


### -ठेकेदार के विरूध्द होगी कड़ी कार्रवाई

आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने जिले की फुटकर बिक्री की दुकानों पर मदिरा का विक्रय न्यूनतम फुटकर विक्रय मूल्य एमएसपी से कम दर पर तथा अधिकतम फुटकर विक्रय मूल्य एमआरपी से अधिक दर पर बेचते पाये जाने पर ठेकेदार के विरूध्द कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये है। साथ ही आबकारी विभाग को सतत निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

### वेबकास्टिंग टीम का प्रशिक्षण सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 की पूर्व तैयारियों के तहत निर्वाचन के संबंध में वेबकास्टिंग का प्रशिक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विकास मिश्रा की उपस्थिति में आरसीबीसी सेंटर में सम्पन्न हुआ।कलेक्टर ने कर्मचारियों से वेबकास्टिंग के दायित्व को लेकर क्या करना, कैसे करना हैं और क्यों करना हैं की जानकारी ली। उन्होंने सभी को अवांछनीय गतिविधियों की मॉनिटरिंग करने, मॉकपोल की निगरानी करने, मतदान केंद्रों की निगरानी करने, एजेंटों की गतिविधियों की मॉनिटरिंग करने, लाइन प्रबंधन की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि कम्युनिकेशन से जुड़े हर कार्य को सतर्कता और सावधानीपूर्वक करें। साथ ही किसी भी प्रकार अवांछनीय गतिविधियां होने पर त्वरित सूचना देने को कहा गया है। उक्त प्रशिक्षण में जिला वेबकास्टिंग कक्ष प्रभारी प्रबंधक ई-गवर्नेंस दीपक साहू द्वारा संलग्न कर्मचारियों को बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया।

## सुंदरकांड पाठ के साथ श्रीरामकथा का हुआ समापन



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जिला डिंडोरी/शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मानिकपुर बजरंग चैक बाजार मोहल्ला चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर चल रहे नौ दिवसीय श्रीराम कथा का मंगलवार को समापन किया गया। सुश्री गुरुप्रिया समर्थ मानस विदुषी ने श्रीराम कथा का श्रवण श्रद्धालुओं को कराया। नौ दिवसीय श्री रामकथा में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे थे। मंगलवार को सुंदरकांड पाठ किया गया। जिसके साथ ही श्रीरामकथा का समापन हो गया भगवान की आरती के बाद कथा के समापन पर प्रसाद वितरीत किया गया बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश अनुपम राजन की अध्यक्षता में हुई वीडियो कांफ्रेंस




**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश श्री अनुपम राजन की अध्यक्षता में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आज वीडियो प्रेस कांफ्रेस का आयोजन किया गया। उक्त वीडियो कांफ्रेंसिंग का डिंडोरी जिले में वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में प्रसारण किया गया। जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा, स्वीप जिला नोडल सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। आयोजित कांफ्रेंस में शहरी क्षेत्रों में कम वोटिंग के प्रति निर्देश देते हुए स्वीप गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। लोकल स्तर पर कार्यक्रम करने के लिए निर्देशित किया गया है। मतदाताओं को आकर्षिकत कर मतदान केंद्र तक पंहुचाने और वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए नित्य नवाचार करते रहने कहा गया है। वेबकास्टिंग की मानीटरिग अच्छे से हो, इस हेतु संदिग्ध गतिविधि की सूचना त्वरित रूप से भेजने कहा गया। सेक्टर अधिकारी, स्ट्रांग रूम, थ्ैज और ै ज की जानकारी ली गई। साथ ही वेयर हाउस चेक करने कहा गया, जिससे कि कोई वस्तु का अवैध वितरण न हो। अंतिम 12 घंटे में अधिक सजगता के साथ कार्य करने कहा गया है। जिला बदर, रासुका के केस की स्थिति सुनिश्चित कराएं। ग्रीष्म ऋतु के अनुसार ट्रेनिंग, मतदान, के दौरान उचित व्यवस्था हो, सामग्री वितरण में उचित व्यवस्था हो। मेडिकल, पानी आदि की व्यवस्था हो। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश श्री राजन ने डिंडोरी जिले में संचालित स्वीप गतिविधि के बारे में भी चर्चा की। कलेक्टर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के उपरांत प्राप्त निर्देशों के अनुरूप जिले के अधिकारियों को तत्सम्बंध में निर्देश दिए हैं।

## सभा निर्वाचन 2024 मतदान दलों के भोजन व्यवस्था के संबंध में निर्देश जारी

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** लोक सभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दल अपने मतदान केन्द्रो पर 18 अप्रैल 2024 को 2.00 बजे तक पहुंचेंगे। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा के निर्देशन पर मतदान केन्द्रों पर मतदान दलों के लिए भोजन/नाश्ता की व्यवस्था आपके विकासखण्ड स्तर पर संचालित स्व-सहायता समूह के माध्यम से मतदान दलों के समस्त सदस्यों से भुगतान प्राप्त कर की जाएगी। भोजन व्यवस्था के तहत मतदान दलों को नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात्रि भोजन की व्यवस्था की गयी है, यह व्यवस्था 18 अप्रैल और 19 अप्रैल के लिए की गयी है। मतदान दल द्वारा समूहों को 350/- रूपये प्रति व्यक्ति एवं पुलिस कर्मी से 200/- के मान से भुगतान किया जाना तय किया है, जिसके लिए समूह द्वारा मतदान दलों से भुगतान प्राप्त करने का प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे।

## शहपुरा नगर में श्रीमद् भागवत कथा का किया जा रहा हैं अयोजन



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिंडोरी जिला के शहपुरा नगर जबलपुर रोड स्थित कपिल गुप्ता के जी यहां श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है । व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिएआचार्य लेखराम शास्त्री जी प्रसंग मे बताया गया कि अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के पंचम दिवस पर आचार्य पंडित लेखराम शास्त्री का प्रसंग श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।



## पी एच ई विभाग के ठेकेदार की लापरवाही

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जनपद पंचायत करंजिया अंतर्गत ग्राम पंचायत मेढाखार में नल जल योजना अंतर्गत पानी की आपूर्ति हेतु पाईप बिछाने का कार्य प्रगति पर है वहीं दूसरी ओर इस काम में पी एच ई विभाग के ठेकेदार द्वारा मनमानी और लापरवाही पूर्वक कार्य करने के चलते जेसीबी मशीन से पी एम जी एस वाय की सड़क टूट रही है। ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों और पी एम जी एस वाई विभाग के आलाधिकारी को भुगतना पड़ सकता है। इसके अलावा पी एच ई के ठेकेदार द्वारा ग्राम पंचायत में बनी सीसी सड़क को काटने के लिए लाईट कटर का उपयोग कर रहे हैं जिसमें बिजली विभाग के द्वारा लाईट के उपयोग के लिए बगैर टी पी कनेक्शन लिए ही मनमानी पूर्वक रोड़ कटिंग कर रहे हैं।ठेकेदार की इस तरह की लापरवाही के बाद बिजली विभाग भी शयन कक्ष में है इस तरह की लापरवाही को लेकर विभागीय अधिकारियों से जानकारी लेने पर कार्यालय में कोई जबाव देह अधिकारी नहीं मिला और जे ई से फोन पर जानकारी लेने की कोशिश की गई तो उनका फोन बंद आया। खैर जो कुछ भी हो क्षेत्र में पी एच ई विभाग के ठेकेदार और विभागीय अमला जल्दबाजी में नल जल योजना को चालू करने के लिए लगातार शासन की सामग्री को नुक्सान पहुंचा रहा है। देखना यह है कि जिले के आलाधिकारी इस तरह की लापरवाही पर विभागीय अमला और ठेकेदार पर क्या कार्यवाही करते हैं।



## 66 अग्नि शामक शहीदों के बलिदान को याद कर मनाया राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस




**जैतहरी।**

हिंदुस्तान पावर परिसर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। इस आयोजन में विभागीय कर्मियों के द्वारा रोमांचक ड्रिल का प्रर्दशन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्लांट प्रमुख बसंता मिश्रा ने उपस्थित होकर अग्निशामकों के दल का निरीक्षण किया एवं उन्होंने बताया कि आग से होने वाली तबाही एवं उससे होने वाले नुकसान से बचाव रखना न केवल अग्नि सुरक्षाकर्मियों की जिम्मेवारी है, बल्कि ऐसी भयावह स्थिति उत्पन्न ही न हो इसके लिए प्रत्येक नागरिक को सर्तक रहने की जरूरत है तथा सभी को अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। कंपनी के सुरक्षा विभाग के प्रमुख डॉ0 भोला प्रसाद कुशवाहा ने 14 अप्रैल 1944 को हुए बाम्बे हादसे के इतिहास को दोहराया तथा कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए 66 अग्निशामकों के बलिदान को बताया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजली दी और अग्नि सुरक्षा नियमों का सतर्कता से पालन करने हेतु प्रतिज्ञा ली। कंपनी के मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग के प्रमुख आरके खटाना ने कहा कि अग्नि सुरक्षा यंत्रों का समय-समय पर परीक्षण करते रहना बेहद आवश्यक है जिससे न केवल सुरक्षा यंत्रों की समयावधि और गुणवत्ता बढ़ेगी बल्कि आपात स्थिति में यंत्रों के उपयोग के समय असुविधा से बचा जा सकेगा, साथ ही यह भी बताया कि हमारी यह टीम न केवल प्लांट परिसर में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है बल्कि कंपनी से लगे हुए क्षेत्र में भी आकस्मिक घटनाओं से निपटने में अपना अमूल्य योगदान देती रही है। वर्ष के दौरान ऐसी कई घटनाऐं सामने आई हैं जहां हमारे जाबाजों ने आग पर काबू पाकर बड़ी घटनाओं को होने से बचाया है। कंपनी के मेंटेनेंस विभाग के प्रमुख टीएम पाई ने बताया कि हमें प्रसन्नता है कि सुरक्षा विभाग द्वारा समय-समय पर यंत्रों की जॉच एवं मॉकड्रिल के माध्यम से उनका परीक्षण किया जाता है। साथ ही बताया कि विभाग सदैव ही प्लांट परिसर में कार्यरत कर्मियों को अग्नि सुरक्षा नियमों के प्रशिक्षण की आवृत्ति को बढ़ाने पर जोर देता रहा है। कार्यक्रम में अग्निशामकों को वर्ष के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रबंधन के द्वारा उन्हें पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों ने अग्नि सुरक्षा यंत्रों का निरीक्षण किया और विभाग के कार्यों की सराहना की।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम संपन्न

**अमरकंटक।**

15 अप्रैल को माननीय प्राचार्य महोदय डॉ एसके राय की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में जिला स्तरीय आयोजन का दायित्व प्राप्त हुआ। सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा मां शारदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा शेख वाहिद संगीत शिक्षक के मार्गदर्शन मे स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात विभिन्न विद्यालयों से आए गुरुजनों को पुष्प गुच्छ से स्वागत एवं अभिवादन किया गया। साथ ही समस्त विद्यालयों से आए गुरुजनों एवं छात्र-छात्राओं का मंच के माध्यम से परिचय प्राप्त किया गया। प्राचार्य ने स्वागत उद्बोधन द्वारा समस्त छात्र छात्राओ एवं आगंतुक शिक्षको का हार्दिक अभिनंदन किया तथा



सबको शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम संयोजक एस के सोनी द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत विकसित भारत पर निबंध लेखन, सृजनात्मक लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता मे चयनित सर्वश्रेष्ठ छात्र छात्राओ का साक्षात्कार आयोजित किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों का कार्य सराहनीय एवं उल्लेखनीय रहा। विभिन्न प्रतियोगिता के निर्णायक गण के रूप में एस के श्रीवास्तव, विनोद कुमार पटेल, लोकेंद्र यादव, श्रीमती मनोरमा कौशल, श्रीमती विद्या सोनी एवं सुश्री वंदना आदि ने प्रदत्त कार्यभार को बड़ी ही कर्मठता एवं निष्पक्षता से पूर्ण किया। विद्यालय के अंग्रेजी के वरिष्ठ शिक्षक आरके झा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे समस्त शिक्षको एवं छात्र छात्राओ का योगदान प्रशंसनीय रहा।

## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल में जच्चा बच्चा दोनों की मौत, परिजनों ने लगाए आरोप

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** विगत दिवस जिला अस्पताल में प्रसूती उपचार के दौरान जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई, परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं। वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि महिला की हालत ठीक नहीं थी इस वजह से हमने महिला को जबलपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया था इस बीच प्रसूता की मौत हो गई। मामले मे बताया गया कि केकरा गांव की एक महिला को प्रसूति के लिए भर्ती किया गया था, इस बीच डॉक्टरों के संवेदनशील न होने के कारण महिला की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार प्रसूता को खून की कमी बताई गई, परिजन परेशान होते रहे, लेकिन महिला को जिला अस्पताल से समय पर खून उपलब्ध नहीं हो पाया जिससे जच्चा और बच्चा दोनों की मौत हो गई। पूरे मामले में अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि गर्भवती महिला को सर्दी खांसी जैसी समस्या थी, सर्जरी के लिए डॉक्टरों ने परिजनों से बेहोशी के लिए अभिमत लिया और इलाज शुरू करने के पहले ही महिला की हालत बिगड़ने लगी, तब हमने महिला को जबलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाने के लिए रेफर किया। रेफर होने के पूर्व ही महिला की मौत हो गई।

### आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर रेडियो शाखा प्रभारी निलंबित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** जिले में पुलिस लाइन के रेडिओ शाखा में पदस्थ निरीक्षक ने सोशल मीडिया पर आचार संहिता का उल्लंघन करने वाली आपत्तिजनक पोस्ट अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर लगाई थी जिस पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी। मामला परिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद निरीक्षक पाठक को निलंबित कर दिया गया है। मामले में नरसिंहपुर जिला मुख्यालय के रेडियो विभाग में पदस्थ राजेश पाठक द्वारा सोसल मीडिया पर कांग्रेस के खिलाफ एक आपत्तिजनक पोस्ट की गई जिसमें कांग्रेस को वोट न करने की बात कही गई थी। वह पोस्ट सोसल मीडिया पर वाइरल हो जाने के बाद कांग्रेस ने आपत्ति जताते हुए कहा कि एक शासकीय कर्मचारी के द्वारा आचार संहिता का खुला उल्लंघन किया जा रहा हैं। मामला एसपी अमित कुमार के संज्ञान में आने के बाद जांच शुरू की गई और निरीक्षक राजेश पाठक को निलंबित कर दिया गया।

### पेशी पर आए युवक को ससुराल वालों ने पिलाया जहर


**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** पारिवारिक विवाद के चलते युवक को उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने ही जहर खिला दिया, जिसके बाद युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उसका इलाज जारी है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए पीड़ति देवेन्द्र लोधी जबलपुर जिला अंर्तगत आने वाले बसेड़ी निवासी अपने पारिवारिक विवाद के चलते न्यायालय मे पेशी पर नरसिंहपुर आया था और जब वह पेशी कर वापिस अपने घर जबलपुर लौट रहा था। तभी साकदा रोड पर बनी नहर के पास देवेन्द्र को उसके ही ससुराल पक्ष के चार लोगों ने उसे रोक लिया और फिर जहर उसे पिला दिया। युवक किसी तरह जिला अस्पताल पहुंचा जहां उसकी गंभीर हालत देखते हुए उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। चिकित्सकों के अनुसार देवेन्द्र की हालत स्थितर बनी हुई है। देवेन्द्र का कहना है, कि उसके ससुराल पक्ष के लोग लगातार उसे धमकियां देने का काम कर रहे थे, कि अगर वह पेशी पर नरसिंहपुर आया तो उसके साथ ठीक नहीं होगा। लेकिन देवेन्द्र ने इसकी फिक्र नहीं की और नरसिंहपुर पेशी पर आया, जिस पर उसके ससुराल वालों ने इस कृत्य को अंजाम दे दिया। जिला अस्पताल पुलिस चौकी ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी।

## गोटेगांव : आज शाम 6 बजे से थम जायेगा चुनावी शोर गुल

# मतदाताओं को पीले चावल देकर किया जा रहा प्रेरित








**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** मतदाता जागरूकता के लिये प्रशासन द्वारा निरंतर कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को जागरूक किया जा रहा है इसी क्रम मे प्रशासन के कर्मचारियों द्वारा घर - घर जाकर लोगो को पीले चावल देकर मतदान करने की अपील भी की जा रही है । वही गोटेगांव विधानसभा जो कि मंडला लोकसभा क्षेत्र मे आती है वहां पर आज शाम से प्रचार प्रसार कार्य बंद हो जावेगा । लोकसभा निर्वाचन का चुनावी शोर गुल मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व बुधवार 17 अप्रैल की शाम 6 बजे से थम जायेगा। इस अवधि के बाद चुनाव लड रहे उम्मीदवार या राजनैतिक दल अपने चुनावी प्रचार के लिए न तो जुलूस एवं आम सभायें आयोजित कर सकेंगे और न ही लाउड स्पीकर का उपयोग कर सकेंगे। इन 48 घंटों के दौरान उम्मीदवार केवल घर-घर जाकर ही मतदाताओं से संपर्क कर सकेंगे।

### सभाये व जुलूस पर रहेगा प्रतिबंध

भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के मुताबिक मतदान के बंद होने के ठीक पूर्व के अड़तालीस घंटों के दौरान सार्वजनिक सभाओं, लाउड स्पीकर और जुलूस पर प्रतिबंध रहेगा। इस कालावधि के दौरान उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन के संबंध में कोई जूलूस एवं सार्वजनिक सभा आयोजित नहीं की जा सकेगी और न ही इस तरह की किसी सभा या जुलूस में वो शामिल हो सकेगा अथवा संबोधित कर सकेगा। चल चित्र-यंत्र टेलीविजन या अन्य इसी प्रकार के यंत्र या उपकरणों के माध्यम से भी निर्वाचन संबंधी मामले का जनसाधारण को प्रदर्शन इस दौरान प्रतिबंधित रहेगा। निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि मतदान समाप्त होने के पूर्व के 48 घंटों के दौरान उम्मीदवारों या राजनैतिक दलों द्वारा जनसाधारण को आकर्षित करने की दृष्टि से किसी संगीत गोष्ठी, नाट्यअभिनय या अन्य मनोरंजन आमोद-प्रमोद का आयोजन करके अथवा आयोजन की व्यवस्था करके निर्वाचन संबंधी मामले का प्रचार नहीं किया जा सकेगा। आयोग ने चेतावनी भी दी है कि यदि इन प्रतिबंधों का उल्लंघन किसी व्यक्ति द्वारा किया जाता है तो उसके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जायेगी और उसे दो वर्ष के कारावास या जुमार्ने की अथवा दोनों की सजा से एक साथ दण्डित किया जा सकेगा।

### पीले चावल देकर दिया मतदान का निमंत्रण

लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले एवं सीईओ जिला पंचायत व नोडल अधिकारी स्वीप दलीप कुमार के मार्गदर्शन में जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार 16 अप्रैल को जिले में महिलाओं द्वारा घर- घर जाकर पीले चावल देकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए आमंत्रित किया गया। इसके साथ ही शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों द्वारा अपने अभिभावकों और परिजनों को पत्र लिखकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जिले में नुक्कड़ नाटक और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्राम पंचायत ग्राम खमरिया नारिया, अंडिया, पांसी, बैहरपोड़ी, अगरिया, नरसिंहपुर शहरी क्षेत्र के पाठक वार्ड, बारूरेवा, ग्राम कल्याणपुर, भूत पिपरिया, कोड़ा, डांगीढाना के मतदान केन्द्र 71, ग्राम पंचायत नगवारा, मानेगांव, ग्राम धवई-बडगवां, चीलाचौन कला, भामा, बौछार, गुर्रा, ग्राम गाडरवारा खेड़ा के कछरा टोला, श्रीनगर, बरहटा, दौन, नोनिया, बंधा, सिलवानी, बौछार, सूरवारी, ठेमी, गुंदरई, भैंसा व कंजई और नगर पालिका गोटेगांव के बोस वार्ड, नेहरू वार्ड, गांधी वार्ड, ग्राम चांवरपाठा, चीचली, डुंगरिया खैरी, पाला मुडरई और शाहपुर के मतदान क्रमांक 207 में महिलाओं द्वारा घर- घर जाकर पीले चावल देकर मतदाताओं को मतदान के लिए आमंत्रित किया।

### पत्र लेखन, निबंध, स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सीएम राइज स्कूल नरसिंहपुर, शासकीय सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरवारी, शासकीय हाईस्कूल वेदू, शासकीय हाई स्कूल गोंगावरी, शासकीय हाईस्कूल तलापार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बचई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयाखेड़ा बासादेही, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया (श्रीनगर) व हाईस्कूल हिरनपुर आदि स्कूलों के विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों को पत्र लेखन, निबंध व स्लोगन आदि के माध्यम से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरखपुर, शासकीय हाईस्कूल देवनगर पुराना गोटेगांव, सीएम राइज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी द्वारा मतदाता जागरूकता स्लोगन प्रतियोगिता, स्कूलों में छात्र- छात्राओं द्वारा रैली, शपथ व रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। नगर पालिका परिषद गाडरवारा एवं शासकीय कन्या शाला की छात्राएं पानी की टंकी के पास से होते हुए झंडा चौक तक साइकिल रैली द्वारा, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल करपगांव में रंगोली, पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करकबेल में स्लोगन के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया। नगर परिषद सालीचौका में रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीण मतदाता हो रहे जागरूक

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के कलाकारों द्वारा गांव- गांव व वार्डों में जाकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम गोटेगांव, इमलिया, रामखिरिया ग्रामीणवासियों को ईव्हीएम मशीन की जानकारी व मतदाता जागरूकता शपथ के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया।


# पटवारी ने बनाया फर्जी दस्तावेज, भूस्वामी को बताया मृत, किया भूमि का नामांतरण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गत दिवस पीड़ति ने कलेक्टर के नाम आवेदन देकर अपनी जमीन पाने की गुहार लगाई । ग्राम बंधी तह. हर्रई जिला छिंदवाडा निवासी युवक द्वारा दिये गये आवेदन मे बताया गया है कि मौजा टुईयापानी रा.नि.मं. चीचली नं.वं. 185 प.ह.नं. 84 स्थित खसरा नं 64/1. 64/25, 64/3 वो क्रमशः रकवा 0.971, 0.446, 0.283 कुल रकवा 170 भूमि रजि. शुदा बैनामा दिनाँक 23/3/2015 के द्वारा गंगाराम आ. भागीरथ गौड़ से क्रय की थी जिसका नामांतरण व संशोधन भी करा लिया गया । आवश्यकता पड़ने पर आनलाइन दस्तावेज निलवाये गये जिसमे ज्ञात हुआ कि मेरी भूमि पर सुम्मा, वित्तू, हीरालाल, फूलचन्द्र बल्द भदू भरिया, सोमती बाई पुत्री भद्दू मरिया क नाम दर्ज पाये गये मैनें नायब तहसीलदार चीचली के यहाँ रिकार्ड दुरुस्त करने के लिए आवेदन दिया और इसके आधार पर 5704 / 121 वर्ष 2022-23 आदेश दि 14/3/23 के द्वारा रिकार्ड दुरूस्त हुआ मैनें अभी उक्त लोगों द्वारा मेरी भूमि पर जो अवैध नाम कराया उसकी नकल निकलवाई तब प्रथम बार यह जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त सभी लोगों ने प्र.कें. 9333-6 वर्ष 2019-20 आदेश दिनांक 14/2/2020 के माध्यम से स्वर्गवासी बताते हुए नाम दर्ज कराया इस प्रकरण में हल्का पटवारी का भी प्रतिवेदन लगा हुआ है और तात्कालीन हल्का पटवारी ने झूठ व फर्जी प्रतिवेदन पेश करते हुए न्यायालय में प्रतिवेदन लगाया है मैनें उक्त सभी लोगों की जानकारी ली तो पता चला कि उक्त सभी व्यक्ति के पिता का नाम बल्लू भरिया है और जो कि ग्राम पुरानी कोठरी ग्राम पंचायत भिलमाढाना के रहने वाले है इन सभी लोगों ने तात्कालीन पटवारी से मिलकर मेरी भूमि पर मुझे फौत बतलाते हुए फर्जी व कूट रचित दस्तावेज तैयार कर तथा मेरी संपत्ति को हडपने के उद्देश्य से हल्का पटवारी एवं इन सभी लोगों ने मिलकर दस्तावेजो की की कूट रचना करते हुए यह समस्त कार्यवाही की गई । जबकि मेरी पत्नि का नाम जीजी बाई तथा मेरे दो पुत्र मुन्ना कमलेश एवं पुत्री रजनी है। कलेक्टर के नाम दिये गये आवेदन मे मांग की गई है कि हल्का पटवारी एवं सुम्मा, वित्तू हीरालाल, फूलचन्द्र बल्द बल्लू भरिया, सोमती बाई पुत्री बल्लू भरिया पर ठोस कार्रवाई करते हुये भूमि वापिस दिलाई जावे ।

### संदेह के घेरे में पटवारी की कार्यप्रणाली

## दूसरे दिन 15 शासकीय सेवकों ने किया डाक मतपत्र से मतदान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** लोकसभा चुनाव के तहत चुनाव ड्यूटी पर तैनात ऐसे 15 शासकीय सेवकों ने दूसरे दिन मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय नरसिंहपुर में सुविधा केंद्रों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया जिन्हें डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। इनमें नरसिंहपुर जिले के दूसरे जिलों में चुनाव ड्यूटी पर तैनात जबलपुर के 12, बालाघाट का एक व छिंदवाड़ा के दो शासकीय सेवक शामिल हैं। इस प्रकार सोमवार 15 अप्रैल से डाक मतपत्र से मतदान की दी गई इस सुविधा का लाभ उठाकर पिछले दो दिनों में ऐसे 85 शासकीय सेवक अपने वोट डाले जा चुके हैं । जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार फार्म 12 भरकर डाक मतपत्र से मतदान करने की सहमति देने वाले चुनाव ड्यूटी पर तैनात शासकीय सेवक बुधवार 17 अप्रैल को भी सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक कलेक्ट्रेट कार्यालय नरसिंहपुर में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। बुधवार 17 अप्रैल डाक मतपत्र से मतदान करने का आखिरी दिन है। जिला स्तरीय फेसिलिटेशन सेंटर कलेक्ट्रेट कार्यालय नरसिंहपुर के कक्ष क्रमांक 3 नाजरात शाखा में अन्य जिलों में निवासरत ऐसे शासकीय सेवक जो जिले में चुनाव ड्यूटी में तैनात हैं, वे मतदान कर सकेंगे।



## व्यय प्रेक्षक ने बैठक में दिये आवश्यक दिशा निर्देश



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मीना कुमारी मीना की उपस्थिति और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सहायक लेखा व्यय, एमसीएमसी, वीएसटी, वीवीटी, एकाउंटिंग टीम, एसएसटी, एफएसटी के नोडल पदाधिकारी, आबकारी विभाग, जीएसटी, इंकम टैक्स, कोषालय एंफोर्समेंट एजेंसी के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

व्यय प्रेक्षक द्वारा उक्त सभी नोडल पदाधिकारियों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान व्यय प्रेक्षक द्वारा संबंधित नोडल पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत दिशा निर्देश के आलोक में अपने दायित्व एवं कर्तव्यों का ससमय अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। यहां उन्होंने एंफोर्समेंट एजेंसियों को निर्देश दिये कि आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें। जप्ती की कार्रवाई में तत्काल रिस्पांस हो। साथ ही सूचनाओं एवं अन्य आवश्यक जानकारियों के लिए एक अलग व्हाट्सएप ग्रुप भी तैयार कर लिया जाये। इसके अलावा एसएसटी चैक पोस्ट पर लगातार वाहनों की चेकिंग हो। विशेषकर रात्रि में संयुक्त गश्ती की जाये। मादक पदार्थों, शराब, धन, बहुमूल्य धातुएं आदि के परिवहन होने पर कार्रवाई की जाये। उन्होंने यहां मौजूद अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपने हाल ही में विधानसभा चुनाव सम्पन्न कराया है। लोकसभा निर्वाचन में भी इसकी सतर्कता व तत्परता से कार्य करें।

# व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी सेल का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मीना कुमारी मीना ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले के साथ मंगलवार को उड़ान निःशुल्क कोचिंग भवन नरसिंहपुर में स्थापित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग सेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने प्रतिदिन टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे समाचार, विज्ञापन एवं प्रतिदिन समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रहे समाचार एवं विज्ञापन तथा सोशल मीडिया पर की जा रही राजनैतिक पोस्ट की जानकारी ली। उन्होंने जिला स्तरीय एमसीएमसी द्वारा की जा रही कार्रवाई का अवलोकन किया। यहां मौजूद नोडल अधिकारी राहुल वासनिक ने व्यय प्रेक्षक को अवगत कराया कि मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग सेल द्वारा 24 घंटे इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रतिदिन प्रकाशित एवं प्रसारित हो रही



खबरों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। इसके लिए तीन पाली में अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो प्रतिदिन इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। प्रतिदिन प्रकाशित होने वाली खबरों को पंजी में इंद्राज किया जा रहा है। प्रतिदिन प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित अभ्यर्थी एवं राजनीतिक दलों से संबंधित प्रकाशित खबरों की पेपर कटिंग निकाल जा रही है और इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी तरह टेलीविजन पर भी विभिन्न चैनलों की मॉनिटरिंग की जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक, (ट्विटर) और यूट्यूब तथा विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों पर भी निगरानी रखी जा रही है। व्यय प्रेक्षक मीना ने एमसीएमसी कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया एवं मौजूद अधिकारी एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंजली शाह, एमसीएमसी दल के गोविंद बड़कुर, अक्षय शर्मा, प्रतीक लोधी, सचिन पाठक, ओपी मेहरा, मुकेश चौपड़ा, प्रदीप मेहरा, राजेन्द्र पटैल, दुर्गेश साहू, इंद्र कुमार तिवारी, अभिषेक गुमास्ता, राजकुमार काछी, नवनीत चौपड़ा, कमलेश ठाकुर, रीतेश मुड़यि एवं अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# खेरापति मंदिर में लगाया जा रहा अठवाई खीर हलवा का भोग

**तेंदूखेड़ा-** नौ दिनों तक चले शक्ति साधना के महापर्व चैत्रीय नवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं ने अपनी शक्ति सामर्थ्य के अनुसार शक्ति की साधना में जुटे रहे कोई नंगे पैर तो कोई मौन व्रत धारण कर माता रानी की सेवा में संलग्न बनें रहें।भोर की किरण फूटने के पहले ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में देवी दरबारों में जल चढ़ाने निकल पड़ते थे। दोपहर में भगत देवी जस फिर रात्रि के समय संगीतमय आरती में उपस्थिति देकर जमकर साधना की गई। अष्टमी तिथि को सिंहवाहिनी मंदिर में हवन पूजन अर्चन के उपरांत खेरापति मंदिर में पहुंच कर हलवा खीर अठवाई का भोग लगाकर माता रानी की पूजन की गई आज नवमी तिथि पर भी यह क्रम जारी बना रहेगा।खेरापति मंदिर में पूजन हेतु लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही है।



### जगह जगह की गई जबारे कलश की स्थापना

नगर के प्रतिष्ठित विभिन्न देवी मठों तथा दिवालों पर जवारे कलश की स्थापना की गई है जिसमें श्रद्धालु जन बड़ी संख्या में उपस्थित हो रहें हैं।पंचमी तिथि पर चंदेवा चढ़ाने के साथ अष्टमी पर पूजन किया गया। नवमी तिथि को स्थापना के हिसाब से विसर्जन किया जायेगा।यह सिलसिला पूर्णिमा तक अनवरत जारी रहेगा। तथा कन्या भोज भंडारे प्रसादी वितरण का भी आयोजन जारी रहेगा।



### सप्तमी पर बीजासेन मंदिर में महाआरती

नगर के स्थित बीजासेन देवी के मंदिर में प्रतिवर्ष के अनुसार पूजन अर्चन के साथ रात्रि में महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। बीजासेन देवी का मंदिर जन आस्था का केंद्र बना हुआ है।दूर दराज से श्रद्धालु यहां पर नवरात्रि में पहुंचा करतें हैं। नगर के वार्ड क्रमांक 12में स्थित खड्गासन मां कामनेश्वरी काली मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर माता रानी की पूजन अर्चन में लगे हुए हैं। नगर के प्रतिष्ठत हरसिद्धी मंदिर एवं दूल्हादेव मंदिर मे महाआरती का आयोजन कर प्रसादी वितरण किया गया।

### विशाल कलश यात्रा के साथ आज से होगी संकटमोचक की प्राण-प्रतिष्ठा

नगर में गांधी चैक के सामने तरफ पुराने बस स्टैंड के समीप प्राचीन श्री हनुमान मंदिर के भव्य नवीन मंदिर का निर्माण कर उसमें प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज 17अप्रैल से 23 अप्रैल के बीच संपन्न होगी। 17अप्रैल श्री रामनवमी पर विशाल कलशयात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली जायेगी।देवाहन और पूजन पीठ स्थापना के साथ 22 अप्रैल तक अनुष्ठान यज्ञ हवन अधिवास के साथ 23अप्रैल श्री हनुमान प्रकटोत्सव पर विशाल शोभायात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न होगा। प्रतिष्ठाचार्य पं प्रमोद पचैरी के साथ नगर के सभी प्रतिष्ठित विद्वान पंडित जनों का सानिध्य प्राप्त होगा वहीं नर्मदा मिशन के दादा गुरु जी महाराज तथा ब्रह्मरुपी जी महाराज का भी सानिध्य इस मौके पर मिलेगा। विशाल भंडारे प्रसादी वितरण के साथ ही समापन होगा। नगर के सभी वर्गों के लोगों से हरसंभव सहयोग हेतु श्री राम रसिया भक्त मंडल ने सभी से विनम्र अपील की है।